

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–44/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राजभवन में हिमाचल प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया

**पटना, 15 अप्रैल, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, बिहार के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत हिमाचल प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं राज्य के प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक खूबसूरत राज्य है और पूरे प्रदेश में सुंदरता बिखरी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय तक विषम परिस्थितियों से गुजरा है, परन्तु यहाँ की सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रही और इसमें पहाड़ी प्रदेशों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश आदि बर्फीले राज्य भारत के सिर के ताज हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधताओं ने हमें कभी असहज नहीं किया, बल्कि इसने हमारी एकता को मजबूती प्रदान की है। हमारी संस्कृति विविधता से समृद्ध होती है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि की।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में रह रहे हिमाचल प्रदेश के महानुभावगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले वहाँ के छात्र–छात्राएँ तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

.....................................................